University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव

दिनांक 13 नवम्बर, 2020 को सम्पन्न कार्य परिषद की आकस्मिक बैठक संख्या 5/2020 की कार्यवाही

उपस्थिति

1-	प्रो0 आलोक कुमार राय, कुलपति		:– अध्यक्ष
2-	प्रो0 सी0पी0 सिंह, अधिष्ठाता, विधि संकाय		:– सदस्य
3-	श्री आलोक कुमार, अधिष्ठाता, ललित कला संकाय		:– सदस्य
4-	प्रो0 कविराज		:– सदस्य
5-	प्रो0 नन्द लाल भारती		:– सदस्य
6-	प्रो0 संगीता रानी		:– सदस्य
7-	प्रो0 मो0 सिराजुद्दीन		:– सदस्य
8-	प्रो0 बी0के0 शुक्ला		:– सदस्य
9-	प्रो0 विभूति राय		:– सदस्य
10-	डॉ0 महेन्द्र कुमार		:– सदस्य
11-	डॉ0 मीनाक्षी पहवा		:– सदस्य
12-	डॉ0 कामना श्रीवास्तव	(उपस्थिति ई–माध्यम)	:– सदस्य
13-	डॉ0 संगीता श्रीवास्तव		:– सदस्य
14-	प्रो0 एस0के0 द्विवेदी		:– सदस्य
15-	श्री अनिल सिंह		:– सदस्य
16-	डॉ0 एस0बी0गुप्ता	(उपस्थिति ई–माध्यम)	:– सदस्य
17-	जस्टिस श्री वी0के0 दीक्षित (से0नि0)	(उपस्थिति ई–माध्यम)	:– सदस्य
18-	डॉ0 विनोद कुमार सिंह, कुलसचिव		:– सचिव

बैठक में श्री संजय श्रीवास्तव, वित्त अधिकारी एवं प्रो0 आनन्द मुरारी सक्सेना, परीक्षा नियन्त्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ भी उपस्थित रहें।

बैठक के आरम्भ में अध्यक्ष/कुलपति द्वारा सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया। जिसके पश्चात कुलसचिव/सचिव कार्य परिषद द्वारा सदन में उपस्थित नवागत सदस्या डॉ0 संगीता श्रीवास्तव का स्वागत किया तथा निर्वतमान कार्य परिषद की सदस्या डॉ0 अमृता श्रीवास्तव का उनके कार्य काल समाप्त होने पर कार्य परिषद सदस्य के रूप में दिये गये सहयोग एवं योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

तत्पश्चात माननीय कुलपति जी के निदेशानुसार कुलसचिव महोदय ने कार्य परिषद की कार्यवाही प्रारम्भ की।

बैठक के आरम्भ में मा0 अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा सदन को विश्वविद्यालय में आयोजित शताब्दी वर्ष एवं 63वें दीक्षान्त समारोह के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण के साथ मुख्य अतिथि के नामों से अवगत कराया गया साथ ही सदन को शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में दिनांक 19.11.2020 से 25.11.2020 तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों से अवगत कराया गया। मा0 अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि शताब्दी वर्ष का मुख्य समारोह दिनांक 25.11.2020 को आयोजित किया जायेगा, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार द्वारा अपनी वर्चुवल उपस्थिति के सम्बन्ध में सहमति प्रदान कर दी गई है।

मा0 अध्यक्ष द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के दौरान ही 63वें दीक्षान्त समारोह–2020 का आयोजन किया गया है जिसके लिए माननीया राज्यपाल महोदया

द्वारा दिनांक 21.11.2020 की तिथि निर्धारित करते हुए दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता करने हेतु अपनी सहमति प्रदान कर दी है, जिससे सदन अवगत हुई।

मा0 अध्यक्ष द्वारा सदन को यह भी अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में अंगीकृत किए गये तपेदिक रोग से ग्रसित 07 बच्चों को दीक्षान्त समारोह–2020 में महामहिम राज्यपाल महोदया द्वारा सम्मानित किया जायेगा, जिससे सदन अवगत हुई।

तत्पश्चात मा0 अध्यक्ष कार्य परिषद/कुलपति महोदय द्वारा कुलसचिव/पदेन सचिव, कार्य परिषद को बैठक की कार्यवाही कार्यसूची के अनुसार संचालित करने की अनुमति प्रदान की गयी।

कार्यवाही

मद संख्या 01:–लखनऊ विश्वविद्यालय के 63वें दीक्षान्त समारोह 2019 में मानद् उपाधि प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिये जाने के संबंध में।

लखनऊ विश्वविद्यालय के 63वें दीक्षान्त समारोह 2020 में मानद उपाधि प्रदान किये जाने के संबंध में सदन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लब्धप्रतिष्ठ निम्नलिखित व्यक्तियों में से किसी एक को चयनित करने हेतु माननीया राज्यपाल महोदया को प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गयाः–

1. **श्री अशोक भगत, सामाजिक कार्यकर्ता पद्मश्री से सम्मानित**
2. **श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, Director (Exploration), ONGC, New Delhi.**
3. **प्रो0 रोमेश गौतम, पूर्व ऐडवोकेट जनरल, पंजाब एवं उत्तराखण्ड, पद्मश्री से सम्मानित।**

बैठक के अन्त में कुलसचिव/पदेन सचिव कार्यपरिषद द्वारा अल्प सूचना पर बैठक में प्रतिभाग करने के लिये मा0 अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों का आभार/धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा आगामी दिनांक 21.11.2020 को आयोजित होने वाले दीक्षान्त समारोह में समस्त मा0 कार्य परिषद सदस्यों को अनौपचारिक रूप से आमंत्रित करते हुए समारोह में उपस्थित होने का निवेदन किया गया जिसे सदन में उपस्थित मा0 सदस्यों द्वारा स्वीकार किया गया।

तत्पश्चात कुलपति/अध्यक्ष द्वारा समस्त सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

13/11/2020
डॉ0 विनोद कुमार सिंह
कुलसचिव/सचिव

13/11/2020
प्रो0 आलोक कुमार राय
कुलपति/अध्यक्ष